नगर पालिक निगम भिलाई में अधिकारी/कर्मचारियो का पदभार बदला–आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई भिलाई के आयुक्त ने आदेश जारी कर कई अधिकारी/कर्मचारियो के विभागो में बदलाव किया है। निगम भिलाई में जो कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उनका प्रतिमाह सेवानिवृत्त होता जा रहा है। जिससे कार्यालयीन व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभागो में बदलाव किया गया है। जारी आदेश में सहायक अभियंता अनिल सिंह को वर्तमान कार्यो के साथ–साथ राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के नोडल अधिकारी एवं कार्यालय सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला को पूर्व अन्य कार्यो के साथ–साथ सहायक परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन का कार्य सौंपा गया है। इसी तारतम्य में अन्य कर्मचारियो के विभागो में बदलाव किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से सहायक ग्रेड–02 श्री डी. रवि को राजस्व विभाग से राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, सहायक ग्रेड–02 विकास बेलकर को जोन क्रं. 04 से योजना शाखा, राजस्व उपनिरीक्षक राजेश पालवे को जनस्वास्थ विभाग से प्रभारी सहायक अधीक्षक जनस्वास्थ्य विभाग, डाटा एन्ट्री आपरेटर ओमकार यादव को राजस्व विभाग से विधि विभाग लिपिकीय कार्य, डाटा एन्ट्री आपरेटर कुमुदनी शर्मा को राजस्व विभाग राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप हुमने को संपत्तिकर विभाग से राजस्व विभाग, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनय कुमार मेश्राम को जनगणना विभाग से राजस्व विभाग, हेल्परध्क्लीनर अंजनी सिंह को जोन क्रं. 02 के साथ सहायक प्रभारी तोड़फोड़ दस्ता, हेल्पर/क्लीनर युवराज साहू को अनुसूचित जाति विभाग में लिपिक राजस्व विभाग, भृत्य मुनिया बाई को राजस्व विभाग से जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ किया गया है।